# कार्यालयः– वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल।

वन भवन, चतरा– 825401 (झारखण्ड)

Ph. & Fax (o) - 06541- 298011 E-mail:- dfo-chatrasouth@gov.in


पत्रांक दिनांक

सेवा में,

वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल, चतरा।

विषयः– टण्डवा प्रखण्ड अन्तर्गत एन.टी.पी.सी द्वारा जलाशय एवं राख डाइक परियोजना निर्माण हेतु 10.24 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंगः– आपका पत्रांक 773 दिनांक 29.07.2021

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा की गई पृच्छा के आलोक में उप महाप्रबंधक, (सिविल), एन.टी.पी.सी. लिमिटेड, टण्डवा ने अपने पत्रांक शून्य दिनांक 11.08.2021 द्वारा जलाशय एवं राख डाइक परियोजना निर्माण हेतु कुल 10.24 हे0 वन भूमि अपयोजन का संशोधित प्रस्ताव समर्पित किया है। समर्पित प्रस्ताव के संबंध में निम्न तथ्य प्रतिवेदित करना है :–

1. अपयोजित होनेवाले वन भूमि के दुगने क्षेत्र पर क्षतिपूरक वनरोपण कराने हेतु चिन्हित स्थल का Geo-Refenece Map एवं इस क्रम तैयार किये गये फाईल की प्रति संलग्न है। **(अनुलग्नक–1, पृष्ठ संख्या– 56–52)**
2. क्षतिपूरक वनरोपण कराने हेतु चिन्हित स्थल का सर्वे ऑफ इण्डिया के टोपोमैप 1:50000 के स्केल पर दर्शाते हुए प्रस्ताव के साथ संलग्न है। **(अनुलग्नक–2, पृष्ठ संख्या– 51–50)**
3. प्रस्ताव विहित प्रपत्र में समर्पित किया गया है। प्रस्ताव के साथ संलग्न Form-A (Part-I) में अपयोजित होने वाले वन भूमि की विवरणी निम्नवत है– **(अनुलग्नक–3, पृष्ठ संख्या– 49–47)**

| प्रमंडल का नाम | अधिसूचित एवं सीमांकित वन भूमि (हे0 में) | गैर मजरूआ जंगल झाड़ी भूमि (हे0 में) | कुल रकबा (हे0 में) | गैर वन भूमि (हे0 में) |
|---|---|---|---|---|
| चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल। | – | 10.24 | 10.24 | – |
| **कुल :–** | | | **10.24** | **–** |

4. प्रस्ताव के साथ (Authorization) प्राधिकृत पदाधिकारी का पत्र संलग्न है। **(अनुलग्नक–4, पृष्ठ संख्या– 46–45)**
5. प्रस्ताव के साथ जलाशय एवं राख डाइक परियोजना से संबंधित प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा दी गई Justification संलग्न है। **(अनुलग्नक–5, पृष्ठ संख्या– 44)**
6. विषयगत जलाशय एवं राख डाइक परियोजना निर्माण में भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा कोई अन्य शर्त लगाये जाते है तो उसे मान्य है से संबंधित प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा वचनबद्धता प्रमाण–पत्र (Undertaking) दी गई है जो संलग्न है। **(अनुलग्नक 6, पृष्ठ संख्या– 43)**
7. प्रस्ताव के साथ विषयगत जलाशय एवं राख डाइक निर्माण के क्रम में कोई भी पुरातत्व भवन/संरचना का भाग नहीं पड़ता है से संबंधित वचनबद्धता प्रमाण पत्र (Undertaking) प्रयोक्ता अभिकरण द्वार दी गई है जो संलग्न है। **(अनुलग्नक 7, पृष्ठ संख्या– 42)**
8. प्रस्ताव के साथ विषयगत पथ निर्माण के क्रम में कोई भी वन्य प्राणी आश्रयणी क्षेत्र/राष्ट्रीय उत्थान/ जैविक उद्यान/जैव विविधता क्षेत्र इत्यादि का भाग नहीं पड़ते है से संबंधित वचनबद्धता प्रमाण पत्र (Undertaking) प्रयोक्ता अभिकरण द्वार दी गई है जो संलग्न है। **(अनुलग्नक 8, पृष्ठ संख्या– 41)**

9. विषयगत जलाशय एवं राख डाइक परियोजना निर्माण में अधिसूचित वन भूमि का भाग नहीं पड़ता है से संबंधित वचनबद्धता प्रमाण पत्र (Undertaking) प्रयोक्ता अभिकरण द्वार दी गई है जो संलग्न है। **(अनुलग्नक 9, पृष्ठ संख्या– 40)**

10. अपयोजित होने वाले वन भूमि के विरूद्ध नियमानुसार माँगी गई एन.पी.भी./क्षतिपूरक वनरोपण/अन्य मद में राशि जमा करने संबंधित प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा वचनबद्धता प्रमाण–पत्र (Undertaking) दी गई है जो संलग्न है। **(अनुलग्नक 10, पृष्ठ संख्या– 39)**

11. विषयगत जलाशय एवं राख डाइक परियोजना निर्माण में कोई भी वृक्षों का पातन नहीं होगा से संबंधित प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा वचनबद्धता प्रमाण–पत्र (Undertaking) दी गई है जो संलग्न है। **(अनुलग्नक 11, पृष्ठ संख्या– 38)**

12. प्रस्ताव के साथ एन.टी.पी.सी. सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट से संबंधित भारत सरकार द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्रमाण–पत्र संलग्न है। **(अनुलग्नक 12, पृष्ठ संख्या– 37–34)**

13. विषयगत जलाशय एवं राख डाइक परियोजना निर्माण में प्रभावित भूमि से संबंधित Authentic Land Schedule प्रस्ताव के साथ संलग्न है। **(अनुलग्नक–13, पृष्ठ संख्या– 33–32)**

14. विषयगत परियोंजना में प्रभावित होने वाले गैर मजरूआ जंगल झाड़ी भूमि (25.31 एकड़ या 10.24 हे0) का उपायुक्त चतरा द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण–पत्र संलग्न है। **(अनुलग्नक–14, पृष्ठ संख्या– 31–30)**

15. विषयगत जलाशय एवं राख डाइक परियोजना निर्माण से संबंधित प्रशासनिक स्वीकृति पत्र प्रस्ताव के साथ संलग्न है। **(अनुलग्नक–15, पृष्ठ संख्या– 29–28)**

16. विषयगत परियोजना से संबंधित Brief Description की प्रति संलग्न है। **(अनुलग्नक–16, पृष्ठ संख्या– 27–22)**

17. विषयगत परियोजना से संबंधित DPR की प्रति संलग्न है। **(अनुलग्नक–17, पृष्ठ संख्या– 21–17)**

18. प्रस्ताव के साथ अपयोजित होनेवाले वन भूमि का Geo-Refenece Map in Shape File एवं इस क्रम तैयार किये गये फाईल की प्रति सीडी सहित संलग्न है। **(अनुलग्नक–18, पृष्ठ संख्या– 16–11)**

19. विषयगत परियोजना से संबंधित Cost Benefit Analysis की प्रति संलग्न है। **(अनुलग्नक–19, पृष्ठ संख्या– 10–06)**

20. प्रस्ताव के साथ सर्वे ऑफ इण्डिया का टोपोमैप स्केल 1:50,000 पर विषयगत परियोजना को दर्शाते हुए संलग्न है। **(अनुलग्नक–20, पृष्ठ संख्या– 05)**

21. प्रस्ताव के साथ जलाशय एवं राख डाइक परियोजना निर्माण से संबंधित Layout Plan की प्रति संलग्न है। **(अनुलग्नक–21, पृष्ठ संख्या– 04)**

22. प्रस्ताव के साथ विषयगत परियोजना जिन गाँवों से होकर गुजरेगी उसके भिलेज कैडेस्ट्रल मानचित्र पर गैर मजरूआ जंगल झाड़ी भूमि को लाल रंगो से दर्शाते हुए संलग्न है। **(अनुलग्नक–22, पृष्ठ संख्या– 03–02)**

23. विषयगत परियोजना में अपयोजित होनेवाले वन भूमि के दुगने क्षेत्र पर क्षतिपूरक वनरोपण कराने हेतु चिन्हित स्थल का Cadastral Map पर दर्शाते हुए संलग्न है। **(अनुलग्नक–23, पृष्ठ संख्या– 01)**

24. क्षतिपूरक वनरोपण हेतु चिन्हित स्थल का अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्गत उपयुक्तता प्रमाण–पत्र (Sutability Certificate) संलग्न है। **(पृष्ठ संख्या– 57)**

25. क्षतिपूरक वनरोपण हेतु 10 वर्षीय प्राक्कलन की प्रति संलग्न है। **(पृष्ठ संख्या– 58)**

26. अधोहस्ताक्षरी का पार्ट–2 की प्रति संलग्न है। **(पृष्ठ संख्या– 59–60)**

27. अधोहस्ताक्षरी का स्थलीय निरीक्षण प्रतिवेदन संलग्न है। **(पृष्ठ संख्या– 61)**

28. अधोहस्ताक्षरी का Recommendation की प्रति संलग्न है। **(पृष्ठ संख्या– 62)**

29. मैनुअल पार्ट–1, एन.पी.भी. एवं क्षतिपूरक वनरोपण कराने हेतु राशि जमा करने संबंधी वचनबद्धता प्रमाण–पत्र की हस्ताक्षरित प्रति ऑनलाईन पार्ट–1 के Additional Information में अपलोड किया गया है जो प्रस्ताव के साथ संलग्न है। **(पृष्ठ संख्या– 63–66)**

30. मैनुअल पार्ट–2 की हस्ताक्षरित प्रति ऑनलाईन पार्ट–2 के Additional Information में अपलोड किया गया है जो प्रस्ताव के साथ संलग्न है। **(पृष्ठ संख्या– 67)**

अतः प्रस्ताव की सात मूल प्रतियाँ इस पत्र के साथ संलग्न कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु समर्पित की जा रही है।

<u>**अनु0–यथोक्त–**</u>

आपका विश्वासी,
**ह0/–**
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
चतरा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

ज्ञापांक– 2150 दिनांक– 17/08/2021

प्रतिलिपि– श्री सुहैल खलीक खान, उप महाप्रबंधक, (सिविल), एन.टी.पी.सी. लिमिटेड, टण्डवा को उनके पत्रांक शून्य दिनांक 11.08.2021 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/8/2021

O/c

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
चतरा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

17/8/2021